KGS IAS

KHAN GLOBAL STUDIES

Most Trusted Learning Platform

KHAN SIR

Most Trusted Learning Platform

GS PAPER- II (CSAT)

By - Sanjeev Tiwari Sir

पूर्वधारणाएँ / Handling Assumptions

Questions on Statements- Assumptions

Questions on Statements- Assumptions

निर्देश (प्रश्न 1-20): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ दी गई हैं, जिन्हें क्रमांक (I) और (II) से दर्शाया गया है। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आपको दिए हुए कथन तथा दी गई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखकर इसका निर्णय करना है कि उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी कथन में सन्निहित है। आप अपना उत्तर निम्नलिखित विकल्पों के अनुसार दीजिए:

उत्तर (a) दीजिए, यदि केवल पूर्वधारणा (I) सन्निहित है।

उत्तर (b) दीजिए, यदि केवल पूर्वधारणा (II) सन्निहित है।

उत्तर (c) दीजिए, यदि न तो पूर्वधारणा (I) और न ही (II) सन्निहित है।

उत्तर (d) दीजिए, यदि दोनों पूर्वधारणाएँ (I) एवं (II) सन्निहित हैं।

Questions on Statements- Assumptions

1. कथन: कपड़े साफ करने के लिए डिटर्जेंटों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

   पूर्वधारणाएँ :

   I. डिटर्जेंट अत्यधिक झाग बनाते हैं।

   II. डिटर्जेंट चिकनाई और गंदगी निकालने में मदद करते हैं।

Questions on Statements- Assumptions

2. कथन: विटामिन E की गोलियाँ रक्त संचार में सुधार करती हैं और आपके रंग को चमकदार बनाए रखती हैं।

पूर्वधारणाएँ :

I. लोग रंग में चमक पसंद करते हैं।

II. रक्त संचार के अभाव में चमक फीकी पड़ जाती है।

Questions on Statements- Assumptions

3. कथन: सरकार ने रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 1 लाख रुपये की दर से मुआवजा देने का निर्णय किया है।

पूर्वधारणाएँ :

I. सरकार के पास मुआवजे की वजह से हुए खर्च की भरपाई के लिए पर्याप्त धनराशि है।

II. निकट भविष्य में रेल दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है।

Questions on Statements- Assumptions

4. कथन: कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता कि हमारे देश को दुर्भाग्यपूर्ण एवं अनर्थकारी आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने में कितना समय लगेगा।

   पूर्वधारणाएँ :

   I. आतंकवादी गतिविधियों को समाप्त करना असंभव है।

   II. आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए प्रयास जारी हैं।

Questions on Statements- Assumptions

5. कथन: एक सूचना- "ऑडिटोरियम के अन्दर सैलफोन एवं पेजर्स का प्रयोग वर्जित है। जब आप ऑडिटोरियम के अन्दर हों तो कृपया ऐसे उपकरणों को बंद रखें" ।

पूर्वधारणाएँ :

I. वे सभी लोग जिनके पास ऐसे उपकरण हैं, ऑडिटोरियम में अपनी सीट पर बैठने से पहले इन्हें बन्द कर देंगे।

II. जब भी लोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑडिटोरियम आते हैं तो सामान्यतः वे ऐसे उपकरण साथ लेकर नहीं आते हैं।

Questions on Statements- Assumptions

6. कथन: प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों को कक्षा में सतर्क रहने के लिए कहा क्योंकि हो सकता है कि कुछ विद्यार्थी अन्य विद्यार्थियों को परेशान करें।

पूर्वधारणाएँ :

I. अध्यापक स्थिति को ठीक से संभाल लेंगे और वे शरारती विद्यार्थियों को पहचान लेंगे।

II. विद्यार्थी प्रधानाचार्य के निर्णय का स्वागत करेंगे।

Questions on Statements- Assumptions

7. कथन: सरकार ने सभी नागरिकों से ईमानदारी से आयकर अदा करने तथा वास्तविक आय को दर्शाने के लिए आयकर संबंधी सूचना (Income Tax Return) देने का अनुरोध किया है ताकि विकासीय गतिविधियों को संपन्न करने में मदद मिल सके।

पूर्वधारणाएँ :

I. लोग इस अनुरोध के उत्तर में अब अधिक कर अदा कर सकते हैं।

II. निकट भविष्य में कुल आयकर संग्रहण में महत्वपूर्व वृद्धि हो सकती है।

Questions on Statements- Assumptions

8. कथन: प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाए।

पूर्वधारणाएँ :

I. मध्याह्न भोजन बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करेगा।

II. जो बच्चे अच्छे भोजन से अन्यथा वंचित रहते हैं, वे विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

Questions on Statements- Assumptions

9. कथन: रेलवे अधिकारियों ने 10 नई रेलगाड़ियाँ शुरू की हैं और पहले से चल रही 14 रेलगाड़ियों की यात्रा-आवृत्ति बढ़ा दी है।

पूर्वधारणाएँ :

I. मौजूदा रेलगाड़ियाँ सभी सवारियों को स्थान उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

II. नई और अतिरिक्त रेलगाड़ियों में पर्याप्त सवारियाँ होंगी जिससे वे आर्थिक रूप से सक्षम बनी रहेंगी।

Questions on Statements- Assumptions

10. कथन: एक औषधि निर्माता कम्पनी का विज्ञापन –"अपने बच्चों की स्मरण-शक्ति बढ़ाने के लिए हमारे उत्पाद का प्रयोग करें। यह प्राकृतिक जड़ी-बूटियों पर आधारित है और इसके कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं हैं।"

पूर्वधारणाएँ :

I. लोग सामान्यतः ऐसा चिकित्सकीय उत्पाद चुनते हैं जो उपयोगी हो और जिसका कोई प्रतिकूल प्रभाव न हो।

II. बच्चे की स्मरण-शक्ति में सुधार को कई माता-पिताओं द्वारा महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

Questions on Statements- Assumptions

11. कथन: एक टेलीफोन ग्राहक का एक दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र-"कई शिकायतों के बावजूद भी मुझे नौ माह से टेलीफोन का बिल प्राप्त नहीं हुआ है।"

पूर्वधारणाएँ :

I. प्रत्येक ग्राहक को टेलीफोन कम्पनी से नियमित रूप से बिल प्राप्त करने का अधिकार है।

II. ग्राहक की शिकायतें सेवाओं में सुधार के लिए अपेक्षित कमियों की ओर इशारा करती हैं।

Questions on Statements- Assumptions

12. कथन: मानसून के दौरान नगर में अधिकांश सड़कों पर यातायात अवरुद्ध होना एक नियमित स्थिति बन गयी है।

पूर्वधारणाएँ :

I. सड़क निर्माण में प्रयोग की गई सामग्री मानसून के प्रकोप का सामना नहीं कर सकती है, जिस वजह से सड़क पर असंख्य गढ्ढे बन जाते हैं।

II. मानसून के दौरान सड़क पर आने वाले वाहनों की संख्या अन्य मौसमों की अपेक्षा अत्यधिक होती है।

Questions on Statements- Assumptions

13. कथन: XYZ प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधन ने श्रमिक संघ से तुरंत हड़ताल वापस लेने के लिए कहा, अन्यथा प्रबंधन को मजबूरन फैक्ट्री बंद करनी पड़ेगी।

पूर्वधारणाएँ :

I. XYZ प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधन के पास फैक्ट्री बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

II. ऐसी धमकी का श्रमिक संघ पर कुछ असर हो सकता है।

Questions on Statements- Assumptions

14. कथन: इस वर्ष अधिकांश दुकानें और डिपार्टमेंटल स्टोर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खरीदारी पर उपहार एवं छूट दे रहे हैं।

पूर्वधारणाएँ :

I. दुकानें एवं डिपार्टमेंटल स्टोर अब तक अत्यधिक लाभ अर्जित कर चुके हैं, अतः अब उन्होंने इसे ग्राहकों के साथ बाँटना शुरू कर दिया है।

II. बड़ी मात्रा में वस्तुएँ उपलब्ध हैं लेकिन बिक्री नहीं बढ़ रही है। ग्राहकों के लिए प्रसन्नता वाली कोई बात नहीं है।

Questions on Statements- Assumptions

15. कथन: बंगलौर से दिल्ली की यात्रा वायुमार्ग से ज़्यादा जल्दी होती है।

पूर्वधारणाएँ :

I. बंगलौर और दिल्ली वायुमार्ग द्वारा जुड़े हुए हैं।

II. बंगलौर से दिल्ली के लिए यातायात का कोई अन्य साधन उपलब्ध नहीं है।

Questions on Statements- Assumptions

16. कथन: हाल ही में उसका कंपनी A के अंशों में किया गया निवेश महज एक जुआ है।

पूर्वधारणाएँ :

I. उसे अपने निवेश में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

II. वह अपने निवेश से लाभ अर्जित कर सकता है।

Questions on Statements- Assumptions

17. कथन: बैंक A ने खुदरा ऋण पर ब्याज दर में तात्कालिक प्रभाव से आधे प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की है।

पूर्वधारणाएँ :

I. अन्य बैंक भी प्रतिस्पर्धा में रहने के लिए खुदरा ऋण दरों को कम कर सकते हैं।

II. बैंक A खुदरा लोन प्राप्ति के लिए और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकता है।

Questions on Statements- Assumptions

18. कथन: यदि नियोक्ता आपको भविष्य निधि अंशदान का भुगतान नहींकरता है तो आप न्यायालय क्यों नहीं जाते हैं?

पूर्वधारणाएँ :

I. न्यायालय, नियोक्ता एवं कर्मचारी के मध्य विवाद के मामले में हस्तक्षेप कर सकता है।

II. कर्मचारियों को भविष्य निधि के अंशदान का भुगतान करना नियोक्ता के लिए बाध्यकारी है।

Questions on Statements- Assumptions

19. कथन: जो प्रार्थना से बेहतर इंसान बनता है, भगवान उसकी प्रार्थना सुनते हैं।

पूर्वधारणाएँ :

I. प्रार्थना व्यक्ति को और भी मानवीय बनाती है।

II. प्रार्थना हमारे सभी दुष्कर्मों का प्रायश्चित करती है।

Questions on Statements- Assumptions

20. कथन: ज़मीन के एक प्लॉट पर अंकित सूचना- "निजी संपत्ति, अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कारवाई की जाएगी।"

पूर्वधारणाएँ :

I. वहाँ से गुज़रने वाले शायद सूचना पढ़ लेंगे और अतिक्रमण नहीं करेंगे।

II. लोग कारवाई किये जाने से डरते हैं।

Questions on Statements- Assumptions

निर्देशः नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के साथ एक लघु परिच्छेद दिया गया है, जिसके बाद परिच्छेद पर आधारित प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक परिच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

1. कला का गुण इस बात की अनुमति नहीं देता कि कार्य में कोई बाधा आए या उसके अलावा तुरंत कोई और कार्य करना पड़े। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कार्य को अस्तित्व में लाने के लिए केवल वही उसे छू सकेगा। कला की यह आवश्यकता है कि कला के सिवाय कुछ भी ऐसा नहीं है जिससे कार्य पूर्ण हो सकेगा।

Questions on Statements- Assumptions

निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपरोक्त परिच्छेद का सर्वोत्तम तरीके से अनुसरण करता है:

(a) कला बाह्य नियमों और परिस्थितियों से संचालित होती है।

(b) कला, कला और जीवन के लिए होती है।

(c) कला केवल कला के लिए होती है।

(d) कलाकार अपने कलात्मक सृजन के माध्यम से अपने सपनों को साकार करता है।

(e) कलाकार को समाज के लिए अपनी कला का उपयोग करना चाहिए।

Questions on Statements- Assumptions

2. यद्यपि फैशन पर समय की बर्बादी या खर्च काफी अधिक होता है, फिर भी फैशन आकर ठहर ही जाती है। चाहे कुछ भी हो जाए, वे नहीं जाएँगे। तथापि, अब आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं के दिमाग से फैशन के पागलपन की आंधी को दूर करने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिएँ। निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपरोक्त परिच्छेद का सर्वोत्तम तरीके से अनुसरण करता है:

(a) फैशन दैनंदिन की आवश्यकता है।

(b) फैशन के प्रति अत्यधिक रुझान व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्धारक है।

(c) फैशन की प्रवृत्ति से छुटकारा इस प्रकार प्राप्त करना चाहिए कि इससे रचनात्मक विकास बाधित न हो।

(d) बाहरी चमक-दमक की अपेक्षा काम तथा अन्य गुणों व गतिविधियों को अधिक महत्व देना चाहिए।

Questions on Statements- Assumptions

3. चूँकि तस्करी से मुनाफा बहुत अधिक होता है, इसलिए सैकड़ों लोग इस राष्ट्र विरोधी गतिविधि की ओर आकृष्ट हुए हैं। इनमें से कुछ तो रातोंरात लखपति बन गए। भारत का पूर्वी और पश्चिमी समुद्र तट बहुत विशाल है। यह उन तस्करों के लिए स्वर्ग के समान है, जो अपनी गतिविधियाँ दण्डित होने के भय से मुक्त होकर निर्बाध रूप से चला रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि समय-समय पर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा छापेमारी करके और घात लगाकर इन्हें पकड़ा भी गया,लेकिन इस सबके बावजूद तस्कर भारी मुनाफा कमाते हैं। लेकिन इस सबके बावजूद तस्कर भारी मुनाफा कमाते हैं।

Questions on Statements- Assumptions

निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपरोक्त परिच्छेद का सर्वोत्तम तरीके से अनुसरण करता है:

(a) तस्करी देश के आर्थिक विकास में बाधा डालती है।

(b) तस्करी पर रोक लगानी ही चाहिए।

(c) तस्करी रोकने के लिए प्राधिकारी कड़े कदम उठा रहे हैं।

(d) तुरंत लाभ होने के कारण हमारे देश में तस्करी में तेजी से वृद्धि हो रही है।

Questions on Statements- Assumptions

4. जिन सामाजिक परिस्थितियों में बच्चा अपने आपको पाता है, उस परिवेश में बच्चे की शक्तियों को प्रोत्साहन देकर ही वास्तविक शिक्षा दी जा सकती है। इन्हीं आवश्यकताओं के माध्यम से बच्चा अपने कार्यों और भावनाओं की मूल संकीर्ण वृत्ति से बाहर आकर एक इकाई के सदस्य के रूप में कार्य करने को प्रोत्साहित होता है और जिस समूह से वह संबद्ध होता है, उसके कल्याण के दृष्टिकोण से स्वयं को जोड़ता है।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपरोक्त परिच्छेद का सर्वोत्तम तरीके से अनुसरण करता हैः वास्तविक शिक्षा

(a) आएगी, यदि बच्चे कार्यों और भावनाओं को मन में धारण करें।

(b) आएगी, यदि बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत हैं।

(c) हमारे स्कूल के दिनों में नहीं दी जाती है।

(d) सामाजिक परिस्थितियों के साथ अंतर्क्रिया के माध्यम से आती है।

(e) विद्यार्थियों की आत्म-केन्द्रित सोच से आती है।

Questions on Statements- Assumptions

5. एमर्सन ने कहा कि कवि जल, थल और वायु का स्वामी था। कल्पना की उड़ान ने कवि को जल, थल और वायु का स्वामी बना दिया। लेकिन कवि के कल का यह स्वप्न आज सभी मनुष्यों के लिए वास्तविक उपलब्धि और वास्तविकता बन गया है। यहाँ तक कि जिन्होंने वायुयान का निर्माण किया, उसमें सुधार किया और दक्षता प्राप्त की, उन्होंने भी शायद ही कभी बाह्य अंतरिक्ष में उड़ने की कल्पना की हो।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपरोक्त परिच्छेद का सर्वोत्तम तरीके से अनुसरण करता है:

(a) असंभव प्रतीत होने वाली कल्पनाएँ ही व्यक्ति को अच्छा कवि बनती हैं।

(b) सभी कल्पनाएँ किसी न किसी दिन साकार होती हैं।

(c) व्यक्ति जो सोचता है वह कभी असम्भव नहीं होता; वह अपने विचारों की अवधारणा तथा कठोर परिश्रम से सदैव उसे साकार करता है।

(d) बाह्य अंतरिक्ष में अपने अन्वेषण द्वारा मनुष्य तकनीकी विकास के चरम पर पहुँच चुका है।

Questions on Statements- Assumptions

6. दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यह अनिवार्य है कि खुले कल-पुर्जों का संरक्षण करने के लिए न केवल सुरक्षा उपकरण प्रयोग में लाए जाएँ बल्कि मैकेनिकों को भी सुरक्षा नियमों के बारे में बताया जाए, जिनका पालन वे अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक रूप से करें, और संयंत्र में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हो।

उपर्युक्त परिच्छेद इस कथन का सर्वाधिक समर्थन करता है कि, औद्योगिक दुर्घटनाएँ-

(a) सदैव रोकी जा सकती हैं।

(b) अनदेखी करने से हो सकती हैं।

(c) पूर्णतः नहीं रोकी जा सकतीं।

(d) सुरक्षा नियमों की सहायता से समाप्त की जा सकती हैं।

(e) सामान्यतः अपर्याप्त मशीनरी का प्रतिफल होती हैं।

Questions on Statements- Assumptions

7. यह हमारी सरकार और नीति-निर्माताओं पर निर्भर करता है कि लगभग दस करोड़ कामगारों, जिनके परिवारों के आदमी, महिलाएँ और बच्चे कुल मिलाकर 40 करोड़ से अधिक हैं, के पलायन के तरीकों को अपनाएँ। हमारी कृषि में आवश्यकता से अधिक लोग संलग्न हैं। कृषकों की कम से कम संख्या का अर्थ होगा, प्रत्येक कृषक के लिए क्रय अथवा व्यय क्षमता का अधिकाधिक होना। और इन सब के कारण उन वस्तुओं के उत्पादन में कार्यशील जनसंख्या में कमी आएगी, जिनकी समृद्ध कृषक वर्ग द्वारा माँग की जाएगी। इस कमी की आपूर्ति जैसा कि ऊपर बताया गया है, कृषि क्षेत्र से हटाई गई अधिशेष कार्यशील जनसंख्या द्वारा की जाएगी।

Questions on Statements- Assumptions

उपरोक्त गद्यांश जिस कथन का सर्वाधिक समर्थन करता है, वह हैः

(a) कृषि में रोजगार की अपेक्षा उत्पादन में रोजगार अधिक लाभदायक है।

(b) मुख्यतः मानव श्रम के अनुचित पलायन के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था अत्यंत दयनीय स्थिति में है।

(c) कृषि क्षेत्र से औद्योगिक क्षेत्र की ओर श्रम के पलायन से जीवन स्तर में सुधार होगा।

(d) हमारे देश में औद्योगिक क्षेत्र श्रम की कमी से जूझ रहा है जबकि कृषि क्षेत्र में आवश्यकता से अधिक लोग संलग्न हैं।

Questions on Statements- Assumptions

8. किसी क्षति को माफ़ कर देना प्रायः एक कमज़ोरी की निशानी माना जाता है; यह वस्तुतः ताकत की निशानी है। नाराज़गी और नफ़रत के भावावेश में बदले की कार्रवाई पर उतारू हो जाना व्यक्ति के लिए बहुत सरल होता है; परंतु इन स्वाभाविक भावनाओं को रोकने के लिए एक मज़बूत चरित्र की ज़रूरत होती है। अपनी क्षति को क्षमा कर देने वाला व्यक्ति स्वयं को उस व्यक्ति से श्रेष्ठ सिद्ध कर देता है जिसने स्वयं गलती की, और गलती करने वाले को शर्मशार।

उपरोक्त गद्यांश जिस कथन का सर्वाधिक समर्थन करता है, वह है:

(a) केवल पीड़ित ही अपने कष्टों की गहराई को समझता है।

(b) लोग अतीत में हुई बातों को माफ़ कर दिया करते हैं।

(c) स्वाभाविक भावनाओं को दबाना मुश्किल होता है।

(d) दया प्रतिरोध का सबसे शानदार रूप है।

(e) शांत और ठंडे दिमाग का व्यक्ति गहन विचार और दृष्टिकोण वाला होता है।

Questions on Statements- Assumptions

9. आयात और निर्यात, अनुकूलतः वृद्धिमान व्यापार संतुलन, निवेश और जमा पूँजी राष्ट्रीय समृद्धि का कोई सूचकांक अथवा तुलन-पत्र नहीं हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध के आरंभ तक अंग्रेज़ों का निर्यात उल्लेखनीय रूप से आज से कहीं अधिक था। इसके बावजूद इंग्लैंड आज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रीय समृद्धि वाला देश है। क्योंकि इंग्लैंडवासी की आय बढ़ गई है, चाहे वह खेत या कारखाने में काम करने वाला श्रमिक हो, चाहे लिपिक, सिपाही, छोटा दुकानदार या दुकान सहायक, घरेलू नौकर अथवा अल्प-आय वाला कर्मचारी हो।

उपरोक्त गद्यांश जिस कथन का सर्वाधिक समर्थन करता है, वह हैः

(a) किसी देश का आर्थिक स्तर प्रति व्यक्ति आय से बेहतर रूप में आँका जा सकता है।

(b) किसी देश का व्यापार संतुलन उसकी आर्थिक समृद्धि निर्धारित करने का मुख्य मापदंड है।

(c) किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था निर्यात में वृद्धि से मज़बूत होती है।

(d) द्वितीय विश्वयुद्ध से अंग्रेजों का व्यापार निरंतर बढ़ रहा है।

Questions on Statements- Assumptions

10. युगों-युगों से व्यापारी वर्ग सभ्यताओं के बड़े शहरों को जन्म देने, लोगों को ऐशो-आराम की वस्तुएँ और कलाकारों को संरक्षण प्रदान करने तथा अपने साथी नागरिकों को जीवन-स्तर समझने हेतु उत्थान करने में मदद करता आया है। विगत कुछ शताब्दियों में इसी वर्ग ने दुनिया भर में औद्योगिक क्रांति के बीज बोए हैं।

उपर्युक्त गद्यांश इस कथन को सर्वाधिक समर्थन देता है कि व्यापारी वर्ग-

(a) समाज के प्रति उत्तरदायी है।

(b) ऐशो-आराम और विलासिता भरा जीवन जीता है।

(c) औद्योगिक क्रांति का लाभग्राही है।

(d) अपाना जीवन-स्तर ऊपर उठाने में सक्षम है।

(e) सभ्यता के विकास में योगदान देता आया है।

Questions on Statements- Assumptions

11. मैंग्रोव वनों में प्रति वर्ष एकड़ टनों पत्तियाँ झड़ सकती हैं, कवक और जीवाणु पत्तियों के इस ढेर का अपघटन कर उनका उपभोग कर जाते हैं, उन्हें नन्हीं कृमियाँ और क्रस्टेशियाई खा जाते हैं, जो तत्पश्चात् छोटी मछलियों का भोजन बनती हैं, फिर ये भी बड़ी मछलियों, पक्षियों और मगरों का भोजन बन जाती हैं। (IAS 2015)

निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपर्युक्त कथन का सर्वाधिक तार्किक अनुमान (इनफेरेंस) है?

(a) मैंग्रोव वनों के बिना तटीय क्षेत्रों में आहार श्रृंखलाएँ नहीं बन सकती।

(b) मैंग्रोव वन सभी समुद्री पारितंत्रों (ईकोसिस्टम्स) के अनिवार्य घटक हैं।

(c) कतिपय समुद्रतटीय खाद्य श्रृंखलाओं में मैंग्रोव वनों की निर्णायक भूमिका होती है।

(d) समुद्री वनस्पतिजात और प्राणिजात का संघटन मुख्यतः मैंग्रोव वनों द्वारा निर्धारित होता है।

Questions on Statements- Assumptions

12. "स्वतंत्रता से मेरा आशय एक ऐसा वातावरण इच्छुक रूप से बनाए रखने से है जिसमें सभी मनुष्यों को अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में होने का अवसर मिले।"

(IAS 2015)

निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपर्युक्त कथन में निहित दृष्टिकोण को व्यक्त करता है?

(a) स्वतंत्रता मानवीय कार्यकलाप पर नियंत्रण का अभाव है।

(b) स्वतंत्रता वह है, जिसे निष्पादित करने के लिए लोगों को विधि की अनुज्ञा प्राप्त है।

(c) स्वतंत्रता मनचाहे कार्य करने का सामर्थ्य है।

(d) स्वतंत्रता मानव व्यक्तित्व की संवृद्धि के लिए आवश्यक दशाओं को बनाए रखना है।

Questions on Statements- Assumptions

13. गीताः जब से नरेश ने ध्यान (मेडिटेशन) प्रारंभ किया है, वह अधिक अच्छा बॉक्सर बन गया है।

राधाः असंभव है। किसी बॉक्सर का सबसे महत्त्वपूर्ण गुण उसकी आक्रामकता है। राधा का कथन उसके इस विश्वास को प्रतिबिंबित करता है किः

(IAS 2015)

(a) ध्यान की प्रवृत्ति किसी व्यक्ति को कम आक्रामक बनाने की होती है।

(b) ध्यान करने वाले व्यक्ति पर ध्यान का नगण्य प्रभाव पड़ता है या कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता।

(c) नरेश पहले खराब बॉक्सर था क्योंकि वह पर्याप्त आक्रामक नहीं था।

(d) नरेश ने, बॉक्सर होने के कारण, ध्यान आरंभ ही नहीं किया होता।

Questions on Statements- Assumptions

14. सभी अच्छे खिलाड़ी जीतना चाहते हैं और जो खिलाड़ी जीतना चाहते हैं। वे सभी संतुलित भोजन करते है; अतएव वे सभी खिलाड़ी जो संतुलित भोजन नहीं करते, खराब खिलाड़ी हैं।

(IAS 2015)

इस कथन से सर्वोत्तम निष्कर्ष यह निकलता है, कि

(a) कोई खराब खिलाड़ी जीतना नहीं चाहता।

(b) कोई भी खिलाड़ी जो संतुलित भोजन नहीं करता, अच्छा खिलाड़ी नहीं है।

(c) प्रत्येक खिलाड़ी जो संतुलित भोजन करता है वह अच्छा खिलाड़ी है।

(d) सभी खिलाड़ी जो जीतना चाहते हैं, अच्छे खिलाड़ी है।

THANK YOU!